**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1656**

**दिनांक 05 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ**

**दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों का विद्युतीकरण**

**1656. श्री देवुसिंह चौहानः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा गुजरात में दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों के विद्युतीकरण में की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(ख) स्थानीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विद्युत राज्य मंत्री**
**(श्री श्रीपाद नाईक)**

**(क) और (ख) :** गुजरात राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, गुजरात के दूरदराज और आदिवासी क्षेत्रों में बसे हुए सभी गांवों और पात्र घरों में विद्युत पहुंच चुकी है।

विद्युत कई व्यावसायिक और घरेलू गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में कार्य करती है। राज्य ने बताया है कि विद्युत पहुंचने से दूरदराज और आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर, रोजगार के अवसरों, कृषि गतिविधियों और शैक्षिक परिणामों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

****************